Title: Need to provide rail service between Varanasi and Shakti Nagar in Uttar Pradesh-Laid.

श्री रामशकल (राबर्टसगंज): मेरा संसदीय क्षेत्र राबर्टस गंज उत्तर प्रदेश में भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार की बहुत-सी परियोजनायें चलती हैं। जहां लाखों कर्मचारी निवास करते हैं तथा 80 प्रतिशत अनुसूचित तथा पिछड़ी जाति के लोग लाखों की संख्या में गांवों में निवास करते हैं, किन्तु वाराणसी से शक्ति नगर के बीच रेलवे की ट्रेन सुविधा नहीं है, जिसके कारण लाखों ग्रामीण जनता को तथा परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों को यातायात की कठिनाई हो जाती है।

आपके माध्यम से मेरा भारत सरकार से मांग है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए वाराणसी से शक्ति नगर ट्रेन यातायात सुविधा उपलब्ध कराने का कट करें।